22 नवंबर, 2021 कार्यकारी आदेश 2021-31

**कार्यकारी आदेश 2021-31**
**(COVID-19 कार्यकारी आदेश सं. 95)**

**जबकि**, मार्च 2020 की शुरुआत से ही, इलिनॉय ने एक ऐसी वैश्विक-महामारी का सामना किया है जो असाधारण रूप से बीमारी एवं जनहानि का कारण बनी है, तथा 1.7 मिलियन से भी अधिक लोगों को संक्रमित कर चुकी है और इसने 26,000 से अधिक निवासियों की जान ले ली है; और,

**जबकि**, जैसे इलिनॉय कोरोनावायरस रोग 2019 (COVID-19) द्वारा उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा का सामना करना जारी रखता है, जो कि एक बिलकुल नया, गंभीर, तीव्र श्वसन रोग है जो श्वसन संचरण के माध्यम से तेज़ी से फैलता है, इससे संपूर्ण राज्य के निवासियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, प्रथम उत्तरदाताओं और सरकारों पर जो भारी दबाव पड़ा है वह अभूतपूर्व रहा है; और,

**जबकि**, इलिनॉय के निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा राज्य सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है; और,

**जबकि**, कोरोनावायरस का डेल्टा संस्करण, पहले के परिसंचारी उपभेदों की तुलना में अधिक आक्रामक और अधिक संक्रामक है, और वायरस के प्रसार को रोकने और धीमा करने के लिए चल रहे प्रयास में नए जोखिम पैदा करता है; और,

**जबकि**, डेल्टा संस्करण वायरस के पिछले उपभेदों की तुलना में अधिक गंभीर बीमारी पैदा कर सकता है; और,

**जबकि**, रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (CDC) का अनुमान है कि डेल्टा संस्करण के कारण अब अमेरिका में सभी अनुक्रमित कोरोनावायरस का परिमाण 99 प्रतिशत से अधिक हो गया है; और,

**जबकि**, राज्यपालीय आपदा उद्‌घोषणाओं (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन्स) के दौरान COVID-19 इलिनॉय में फैल चुका है, और संपूर्ण राज्य में आपदा उत्पन्न करने वाली परिस्थितियां बदल चुकी हैं एवं लगातार बदल रही हैं, तो ऐसे में अगले कुछ माह में वाइरस का प्रसार का मार्ग क्या होगा इसका स्पष्ट पूर्वानुमान लगाना अत्यंत कठिन हो गया है; और,

**जबकि,** 26,000 से अधिक इलिनॉय वासियों के दुखद नुकसान के कारण और दसियों हज़ार से अधिक लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने के अलावा, COVID-19 ने राष्ट्र और राज्य भर

में व्यापक आर्थिक नुकसान किया है और एक महत्वपूर्ण संख्या में व्यक्तियों और व्यवसायों के वित्तीय कल्याण के लिए खतरा बना हुआ है; और,

**जबकि**, CDC ने यह सूचित किया है कि मनोदशा के विकारों, जिनमें अवसाद शामिल है, की उपस्थिति से COVID-19 से गंभीर रोग होने की संभावना बढ़ जाती है; और,

**जबकि**, COVID-19 वैश्विक महामारी—जिसमें स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, अर्थव्यवस्था और शिक्षा प्रणाली पर इस वैश्विक महामारी से पड़ा तनाव शामिल है—ने बहुत से लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है, संयुक्त राज्य अमेरिका में हाल के वर्षों की तुलना में कहीं अधिक वयस्कों ने दुश्चिंता या अवसाद विकार के लक्षण सूचित किए हैं, और अपेक्षाकृत युवा वयस्कों, नस्ली और नृजातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं, आवश्यक सेवाओं के कर्मियों और अवैतनिक वयस्क देखभालकर्ताओं ने विषम रूप से अधिक बदतर मानसिक स्वास्थ्य परिणामों, मादक पदार्थ के उपयोग में वृद्धि, और आत्महत्या के विचारों में वृद्धि का अनुभव किया है; और,

**जबकि**, COVID-19 वैश्विक महामारी ने इलिनॉय में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, जिनमें पेशेवर परामर्शदाता, समाजसेवी और मनोविज्ञानी शामिल हैं, के संकटपूर्ण अभाव में भी योगदान किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले इलिनॉय वासियों और कम आय अर्जित करने वाले तथा कम बीमा वाले इलिनॉय वासियों पर विशेष रूप से बुरा प्रभाव पड़ा है; और,

**जबकि**, राज्य में कई कार्यकारी एजेंसियां अपने सीमित संसाधनों को COVID-19 महामारी के लिए जारी प्रतिक्रिया पर केंद्रित करना जारी रखे हुए हैं; तथा,

**जबकि**, मुझे लगता है कि पूरे इलिनोइस राज्य में सार्वजनिक मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के संरक्षण के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रदाताओं की वर्तमान उपलब्धता को बनाए रखने और बढ़ाने का प्रयास करना आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारी स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य देखभाल शामिल है, उन लोगों की सेवा करने में सक्षम रहे जिन्हें उपचार की आवश्यकता है; और,

**जबकि**, पूर्व में अनुज्ञप्त (लाइसेंस-प्राप्त) ऐसे मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर जिनकी अनुज्ञाएं (लाइसेंस) पांच वर्ष या इससे कम समय से निष्क्रिय हैं या समय-समाप्त हैं, जिनकी अनुज्ञाएं पूर्व में प्रतिसंहृत, निलंबित या अन्यथा प्रतिबंध-ग्रस्त नहीं की गई हैं, वे सुरक्षित ढंग से और उचित विवेक एवं कौशल के साथ अभ्यास करने में सक्षम हैं; और,

**जबकि,** 12 नवंबर 2021 को, COVID-19 के प्रसार के अपेक्षित रूप से जारी रहने, और राज्य भर के लोगों द्वारा आगामी महीनों में जो लगातार हो रहे स्वास्थ्य संबंधी एवं आर्थिक प्रभाव महसूस किए जाएंगे उन पर विचार करते हुए, मैंने इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया; और,

**इसलिए,** इलिनॉय राज्य के गवर्नर के रूप में मुझ में निहित शक्तियों, इलिनॉय के संविधान और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, (Illinois Emergency Management Agency Act) 20 ILCS 3305 की धारा 7(1), 7(2), 7(3), 7(8), 7(9), और 7(12) के अनुसार और लोक स्वास्थ्य कानूनों की शक्तियों के अनुरूप, मैं तुरंत प्रभावी निम्नलिखित आदेश दे रहा हूं:

**<u>अनुभाग 1: पेशेवर परामर्शदाता और नैदानिक पेशेवर परामर्शदाता</u>**

राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन) की अवधि के दौरान, पेशेवर परामर्शदाता और नैदानिक पेशेवर परामर्शदाता अनुज्ञापन एवं अभ्यास अधिनियम (प्रोफ़ेशनल काउंसलर एंड क्लीनिकल प्रोफ़ेशनल काउंसलर लाइसेंसिंग एंड प्रेक्टिस एक्ट), 225 ILCS 107 के अनुभागों 50(b), (c) और (f) में पांच वर्ष या इससे कम समय से निष्क्रिय या समय-समाप्त अनुज्ञा (लाइसेंस) की बहाली के लिए वर्णित अग्रलिखित आवश्यकताएं स्थगित की जाती हैं: सतत शिक्षा (कन्टीन्युइंग एजुकेशन) की पूर्ति का प्रमाण, किसी अन्य क्षेत्राधिकार में सक्रिय अभ्यास का प्रमाणन, और शुल्क का भुगतान।

**<u>अनुभाग 2: सामाजिक कार्यकर्ता और नैदानिक सामाजिक कार्यकर्ता</u>**

राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन) की अवधि के दौरान, नैदानिक समाजसेवा और समाजसेवा अभ्यास अधिनियम (क्लीनिकल सोशल वर्क एंड सोशल वर्क प्रेक्टिस एक्ट), 225 ILCS 20 के अनुभागों 11(b), और (b-5) में पांच वर्ष या इससे कम समय से निष्क्रिय या समय-समाप्त अनुज्ञा

(लाइसेंस) की बहाली के लिए वर्णित अग्रलिखित आवश्यकताएं स्थगित की जाती हैं: उपयुक्तता/फ़िटनेस का प्रमाण, किसी अन्य क्षेत्राधिकार में सक्रिय अभ्यास का प्रमाणन, और शुल्क का भुगतान।

**<u>अनुभाग 3: क्लीनिकल मनोविज्ञानी (क्लीनिकल सायकॉलजिस्ट)</u>**

राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन) की अवधि के दौरान, नैदानिक मनोविज्ञानी अनुज्ञापन अधिनियम (क्लीनिकल सायकॉलजिस्ट लाइसेंसिंग एक्ट), 225 ILCS 15, के अनुभाग 13 में पांच वर्ष से कम समय से निष्क्रिय या समय-समाप्त अनुज्ञा (लाइसेंस) की बहाली के लिए वर्णित अग्रलिखित आवश्यकताएं स्थगित की जाती हैं: उपयुक्तता/फ़िटनेस का प्रमाण, किसी अन्य क्षेत्राधिकार में सक्रिय अभ्यास का प्रमाणन, और शुल्क का भुगतान।

**<u>अनुभाग 4: कार्यान्वयन</u>**

वित्तीय एवं वृत्तिक नियमन विभाग (Department of Financial and Professional Regulation) इस कार्यकारी आदेश की संगति में अतिरिक्त मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है और नियम या भिन्नताएं लागू कर सकता है।

**<u>अनुभाग 5: बचत खंड (सेविंग्स क्लॉज़)</u>**

इस कार्यकारी आदेश में मौजूद किसी भी बात का अर्थ किसी भी राज्य या संघीय कानून का उल्लंघन के रूप में नहीं निकाला जाएगा।

**<u>अनुभाग 6: विच्छेदनीयता</u>**

यदि इस कार्यकारी आदेश के किसी भी प्रावधान या उपयोग को किसी व्यक्ति या परिस्थिति के लिए सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी न्यायालय द्वारा अवैध ठहराया जाता है, तो यह अवैधता इस कार्यकारी आदेश के किसी अन्य प्रावधान या उपयोग को लागू करने को प्रभावित नहीं करती है, जिसे बिना अवैध प्रावधान के या उपयोग के प्रभावी किया जा सकता है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, इस कार्यकारी आदेश के प्रावधानों को आज्ञा-पालन योग्य घोषित किया गया है।

**<u>अनुभाग 7: प्रभावी होने की तारीख</u>**

यह कार्यकारी आदेश राज्य सचिव (Secretary of State) के पास दाखिल होने के तुरंत बाद प्रभावी होगा और समाप्त या संशोधित होने तक प्रभावी रहेगा।

**जेबी प्रित्ज़कर (JB Pritzker), राज्यपाल (गवर्नर)**

राज्यपाल द्वारा नवंबर 22, 2021 को जारी
राज्य सचिव (Secretary of State) द्वारा नवंबर 22, 2021 को दायर